pan>

Title: Issue regarding alleged scam in National Rural Health Mission in Uttar Pradesh.

श्री हरीशचन्द्र उर्फ हरीश द्विवेदी (बस्ती) : उपाध्यक्ष महोदय, भारत सरकार की एक बहुत अच्छी योजना है, माननीय मंत्री जी यहां बैठे हैं, एनआरएचएम योजना, जो महिलाओं की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के लिए, बच्चों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के लिए है। भारत सरकार में माननीय नड्डा जी ने अभी एक कमेटी बनाई- जिला स्वास्थ्य समिति। उसकी बैठक मैं कल ही लेकर आया हूं। एनआरएचएम के अंतर्गत अच्छी सुविधा देने का प्रयास भारत सरकार कर रही है। उत्तर प्रदेश में वर्तमान सरकार से पहले बहुजन समाज पार्टी की सरकार थी और एनआरएचएम में एक बहुत बड़ा घोटाला हुआ था, जिसकी सीबीआई जांच चल रही है। वर्तमान समय में मैं माननीय मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट करना चाहूंगा, उत्तर प्रदेश में एनआरएचएम में डाक्टर्स एवं उससे नीचे के हजारों पद भरे गए हैं। बस्ती जिले में भी सैकड़ों पद भरे गए हैं, मैंने सीएमओ से पूछा कि किस मानक के आधार पर आपने इंटरव्यू किए, लोगों को नियुक्त किया, लेकिन उन्होंने कुछ भी नहीं बताया। हमारे जिले में ट्रामा सेंटर पिछले तीन साल से बनकर तैयार है, अभी वह खुला नहीं है और उसकी बिल्डिंग गिरने लगी है। एनआरएचएम के अंतर्गत भारत सरकार का स्वास्थ्य विभाग उत्तर प्रदेश में जो पैसा दे रही है, उस पैसे का कहीं न कहीं दुरूपयोग हो रहा है, उसकी बंदरबांट की जा रही है। मैं भारत सरकार, माननीय मंत्री जी से निवेदन करता हूं कि पैसे का सदुपयोग हो, इसके लिए भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। इसकी सीबीआई जांच कराई जाए। धन्यवाद।

HON. DEPUTY-SPEAKER:

Shri Bhairon Prasad Mishra,

Kunwar Pushpendra Singh Chandel,

Shri Sharad Tripathi and

Dr. Manoj Rajoria are permitted to associate with the issue raised by Shri Harishchandra Alias Harish Dwivedi.

SHRI R. K. BHARATHIMOHAN (MAYILADUTHURAI): Hon. Deputy Speaker, *Vanakkam.*

HON. DEPUTY SPEAKER: You can speak later. There is no interpretation.